<u>**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**</u>

**(हिंदी अनुभाग)**

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.5-1/2019-हिं.अ. दिनांक: 05.09.2019

## <u>परिपत्र</u>

**विषय: संस्थान के विभागों/अनुभागों/केन्द्रों द्वारा हिंदी में सर्वाधिक <u>कार्य करने पर राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता संबंधी।</u>**

कृपया उपर्युक्त विषय पर हिंदी अनुभाग के दिनांक 07.08.2019 के समसंख्यक परिपत्र का अवलोकन करें जिसके द्वारा संस्थान में दिनांक 10 अगस्त, 2019 से 09 सितम्बर, 2019 के दौरान एक माह की अवधि की अंत:विभागीय राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता परिचालित की गई थी।

इस योजना के तहत 10 अगस्त से 09 सितम्बर, 2019 तक की अवधि के दौरान मूल रूप से किए गए हिंदी नोटिंग/ड्राफ्टिंग कार्य का 13 सितम्बर, 2019 को दोपहर 02.00 बजे से निरीक्षण दल द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। **निरीक्षण दल द्वारा मुख्यत: स्थापना अनुभाग (नि.का.), डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सं.रो.कैं.अ., हृद् तंत्रिका केन्द्र, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केन्द्र तथा स्थापना अनुभाग (अस्पताल) में उपस्थित होकर हिंदी के कामकाज का निरीक्षण किया जाएगा।** तथापि इन पांच विभागों/अनुभागों/केन्द्रों के अलावा उक्त राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता के तहत यदि कोई अन्य विभाग/अनुभाग/केन्द्र उक्त अवधि में अपने यहां हिंदी में किए गए कार्य का निरीक्षण दल द्वारा मूल्यांकन करवाना चाहता है तो कृपया इस प्रयोजन हेतु 09 सितम्बर, 2019 तक हिंदी अनुभाग को लिखित रूप में सूचित करने की कृपा करें।

अत: अनुरोध है कि संबंधित विभाग/अनुभाग/केन्द्र अंत:विभागीय राजभाषा शील्ड प्रतियोगिता के तहत उक्त अवधि में हिंदी में किए गए कार्य को दिनांक 13 सितम्बर, 2019 को दोपहर 02.00 बजे निर्णायक दल के निरीक्षण/मूल्यांकन हेतु पहले से तैयार रखें।

प्रेम सिंह
05.09.19
(प्रेम सिंह तोमर)
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

<u>वितरण:-</u> सभी केन्द्र-प्रमुख/विभाग/अनुभाग-अध्यक्षगण।

<u>प्रतिलिपि</u>:-

1. निदेशक/संकायाध्यक्ष/चिकित्सा अधीक्षक महोदय के निजी सचिव।
2. उप-निदेशक (प्रशा.)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
3. उप-सचिव एवं राजभाषा अधिकारी महोदय के निजी सचिव।
4. मुख्य प्रशासन अधिकारी/अधीक्षण अभियंता/वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
5. प्रशासन अधिकारी, स्थापना अनुभाग (नि.का.)/डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सं.रो.कैं.अ./हृद् तंत्रिका केन्द्र/डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केन्द्र/स्थापना अनुभाग(अस्पताल)।
6. उप-निदेशक (कंप्यूटर सुविधा) - कृपया इस परिपत्र को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करें।

कृपया अग्रि... 05/09/19

प्राप्त / RECEIVED
कम्प्यूटर सुविधा / Computer Facility
-5 SEP 2019
समय / Time 12:24 बजे
अ.भा.आ.सं., नई दिल्ली / A.I.I.M.S., New Delhi-29

श्री संजय गुप्ता
कृपया संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करें।
5/9/2019

श्री ... संजय गुप्ता